दिनांक : 07.12.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार .......

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 8 प्रतिशत की जी.डी.पी वृद्धि दर देश की बढ़ती प्रगति का प्रतिबिंब
2- विमानन नियामक डीजीसीए ने उड़ानों में भारी व्यवधान के लिए इंडिगो सीईओ को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा
3- प्रदेश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण तेजी पर, सागर जिले की सभी आठ विधानसभाओं में शत-प्रतिशत कार्य पूरा
4- प्रदेश के दस से ज्यादा जिलों में शीत लहर

प्रधानमंत्री सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद- जी.डी.पी दर में 8 प्रतिशत की वृद्धि देश की बढ़ती प्रगति का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक मजबूत आर्थिक प्रतीक है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास के रूप में भारत की स्थिति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने मानसिक गुलामी और औपनिवेशिक मानसिकता को विकसित भारत के लक्ष्य में प्रमुख बाधा बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र आत्मविश्वास के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। श्री मोदी ने कहा कि जनता और सरकार के बीच विश्वास अब और मज़बूत हुआ है।

इंडिगो-नोटिस

विमानन नियामक डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सीईओ पीटर एल्बर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर उड़ानों में भारी व्यवधान के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। लगातार पांच दिनों से इंडिगो की उड़ानों में काफी व्यवधान आ रहा है, सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं और विमानों के परिचालन में देरी हो रही है, जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हो रही है। नोटिस में नियामक ने कहा कि बड़े पैमाने पर परिचालन विफलताएं योजना, निरीक्षण और संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण खामियों का संकेत देती हैं। डीजीसीए ने एल्बर्स से 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है। इससे पहले नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन को यात्रियों के

सभी रद्द या बाधित उडानों की रिफंड प्रक्रिया आज रात आठ बजे तक पूरी करने को कहा। एयरलाइंस को यह भी निर्देश दिया गया है कि विमानों के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों की यात्रा योजनाओं के लिए किसी प्रकार का पुनर्निधारण चार्ज नहीं लिया जाए।

शिक्षा नीति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, उससे जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिये आज कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य नीति की गहन समझ विकसित करना, क्रियान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन करना, संस्थागत चुनौतियों की पहचान करना तथा पाठ्यक्रम सरलीकरण, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शोध एवं नवाचार, और उद्योग-अकादमिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना है। कार्यशाला में कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें निम्न विषयों पर शिक्षाविदों और विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श होगा।

छत्रसाल प्रतिमा

बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की राजधानी पन्ना में कल विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने छत्रसाल की अष्टधातु प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा की पन्ना के प्राचीन व ऐतिहासिक धरम सागर तालाब के किनारे छत्रसाल जी की प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण है। उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मुगल साम्राज्य के विरूद्ध अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखाया। मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में पिता के स्वर्गवास के बावजूद उन्होंने आक्रमणकारियों को न सिर्फ परास्त किया, बल्कि बुन्देलखण्ड पर कब्जा भी जमाया।

एसआईआर

प्रदेश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर कार्य तेजी से चल रहा है। अभियान में सागर जिले की सभी आठ विधानसभाओं में शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने अधिकारियों और बीएलओ को शुभकामनाएं और बधाई दी। अनूपपुर जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 5 लाख 39 हजार 7 सौ 93 है।  कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली ने गणना पत्रकों के 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी है। डिंडोरी जिले में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मतदाता गणना पत्रकों के सत्यापन एवं बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइजेशन की अंतिम तिथि 4 दिसंबर  निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 11 दिसंबर  किया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी अंजू पवन भदौरिया ने बताया कि डिंडौरी जिले ने निर्धारित समयसीमा से काफी पहले 30 नवंबर को ही दोनों विधानसभा क्षेत्रों में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य सौ प्रतिशत पूरा कर लिया।

गैस लीक

रतलाम जिले में औद्योगिक क्षेत्र जावरा की फेरिक सल्फेट फैक्ट्री में गैस लीक होने की सूचना है। घटना में 5 लोगों के प्रभावित होने की पुष्टि हुई है। 3 को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफ़र किया गया है। 2 का इलाज जावरा सरकारी अस्पताल में चल रहा है।  सुरक्षा के लिए आसपास की लगभग 10 फैक्ट्रियों को तुरंत बंद कर कर्मचारियों को घर भेजा गया। कलेक्टर मीशा सिंह, एसपी अमित कुमार और विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे घटना स्थल पर पहुँचे। बाद में रतलाम मेडिकल कॉलेज जाकर विस्तृत जानकारी ली। प्रशासन ने बताया है कि प्रारंभिक रूप से गैस लीकेज की आशंका है।

रेलवे-विशेष ट्रेन

रेलवे आज से अगले तीन दिन तक विभिन्न डिविजनों में 89 विशेष रेलगाड़िया चलाएगा। सर्दियों के मौसम में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने और यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रेल गांडियां चलाने की घोषणा की गई है। मध्य रेलवे में पुणे से बेंगलुरु, पुणे से दिल्ली और मुंबई से दिल्ली सहित विभिन्न मार्गों पर 14 विशेष

रेलगाड़ी चलाने की घोषणा की गई है। पश्चिम रेलवे में भिवानी से मुंबई और मुंबई से शकूरबस्ती सहित कई मार्गों पर सात विशेष रेलगाड़िया चलाई जाएंगी।

क्रिकेट

भारत ने दक्षिण अफ्रीका से तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रंखला 2-1 से जीत ली है। विशाखापट्टणम में खेले गए तीसरे और अंतिम मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से पराजित किया। भारतीय टीम ने 271 रन का लक्ष्य 39 ओवर और पांच गेंद में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। यशस्वी जायसवाल सर्वाधिक 116 और विराट कोहली 65 रन बनाकर नाबाद रहे।

आम्बेडकर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. बी. आर. आंबेडकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की एकता और विकास के लिए काम किया। भारत रत्न डॉ. आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस और सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कल नई दिल्ली में आयोजित एक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने अंतिम पंक्ति के लोगों के हितों की बात की और उनके सशक्तिकरण के लिए काम किया।

मौसम

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं ने ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में ठिठुरन बढ़ा दी है। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया, जबकि सबसे कम चार डिग्री सेल्सियस तापमान शहडोल के कल्याणपुर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि तापमान में गिरावट अभी कुछ दिन जारी रहेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1- सतना जिले में सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ आज उचेहरा में और फाइनल सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम मनकहरी, रामपुर बघेलान में होगा।
2- बैतूल जिले में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आज सशस्त्र सेना झंडा

दिवस मनाया जाएगा।

3- आगरमालवा में पशु चारे का जिले से बाहर निर्यात एवं ईंधन के रूप में उपयोग करना प्रतिबंधित किया गया है।

4- जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कल आर.सी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में किया जाएगा।

-------